33T ADHI

2023

ADVANCE HINDI

Full Marks : 100

Pass Marks : 30

Time : Three hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

Q. No. **1** *carries* **1** *mark each*	1 × 12 = 12
Q. No. **2** *carries* **2** *marks each*	
	* 2 × 6 = 12
	* 2 × 4 = 8
	* 2 × 2 = 4
Q. No. **3** *carries* **4** *marks each*	
	* 4 × 2 = 8
	* 4 × 2 = 8
	* 4 × 3 = 12
	* 4 × 3 = 12
Q. No. **4** *carries* **6** *marks each*	6 × 4 = 24
	Total = 100

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(क) 'भारत महिमा' कविता किस भाव पर लिखी गई है?

(ख) आधुनिक मीरा किस कवयित्री को कहा जाता है?

(ग) 'विप्लव गायन' किसकी कविता है ?

(घ) गाँधारी कौन थी?

(ङ) 'मानव शांति' कविता किस काव्य ग्रंथ से ली गई है ?

(च) 'भास्कर वर्मण नाटक के रचनाकार कौन हैं?

(छ) भास्कर वर्मण के हाथी का नाम क्या था ?

(ज) रानी लक्ष्मीबाई के पिता का नाम क्या था ?

(झ) तात्या टोपे कौन थे ?

(ञ) 'रानी लक्ष्मीबाई' किस प्रकार का उपन्यास है ?

(ट) रस कितने प्रकार के हैं ?

(ठ) 'अलंकार की परिभाषा दीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

खण्ड-क

(किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×6=12

(क) 'बचा कर बीज रूप में सृष्टि, नाव पर झेल प्रलय का शीत' – का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'मेरी साधों से निर्मित उन अधरों का प्याला' – से कवयित्री क्या कहना चाहती हैं ?

(ग) 'कवि, कुछ ऐसी तान सुनाओ जिससे उथल-पुथल मच जाये' –'नवीन' जी ने ऐसा क्यों कहा है ?

(घ) 'तुमने किया है प्रभुता का दुरुपयोग' – किसने किसको कहा है ?

(ङ) 'तड़प रहा जिसमें पड़कर मानव-समाज यह सारा।'
मानव समाज क्यों तड़प रहा है ?

(च) 'धर्मराज यह भूमि किसी की नहीं क्रीत है दासी' – धर्मराज को ऐसा क्यों कहा गया है ?

(छ) भीम ने कौन सा अधर्म किया था ?

(ज) 'विप्लव गायन' कविता में कवि 'नवीन' जी जग को चकनाचूर करने के लिए क्यों कह रहे हैं ?

(झ) 'वर दो यह मेरा आँसू उस के उर की भाला हो।' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

खण्ड-ख

(किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×4=8

(क) 'भाई के जीवन में तुम्हारें अतिरिक्त किसी अन्य नारी के लिए स्थान नहीं है।'' उक्त कथन किसने किससे कहा था ?

(ख) ''क्या हो गया है इस देश को, देखते देखते राजनीति और दस्युनीति का अन्तर मिट गया।'' इस कथन को किस संदर्भ में कहा गया था ?

(ग) श्यामा कौन थी ?

(घ) भास्कर वर्मण को दूसरा कर्ण क्यों कहा गया है ?

(ङ) ''माँ, आपने मुझे बेटी कहा धन्य हो गयी।'' – किसने किसे माँ कहकर संबोधित किया है?

(च) 'शत्रु शत्रु का मित्र होता है।'' प्रस्तुत कथत को किस संदर्भ में कहा गया था। ?

खण्ड-ग

(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×2=4

(क) नाना साहब के चरित्र की किन्हीं दो विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ख) लक्ष्मीबाई ने तलवार चलाने की कला कैसे सीखी थी ?

(ग) 'राजाओं-नवाबों को अपने सरदारों और प्रजा के प्रणाम लेने में सुख की इति-श्री जान पड़ती है''। किसने किस संदर्भ में कहा था?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

खण्ड-क

*(**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) 'जिसने दुख पाला हो' कविता में महादेवी ने सुख के बदले दुख को क्यों पाला है?

(ख) 'गाँधारी ने कृष्ण को क्यों अभिशाप दिया था? पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मानव शांति' कविता का भावार्थ संक्षेप में प्रस्तुत कीज़िए।

खण्ड-ख

*(**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) कंकु के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) भास्कर वर्मण ने अनेकता में एकता के सपने को साकार करने के लिए क्या-क्या किया?

(ग) 'भास्कर वर्मण' नाटक के आधार पर इस बात पर प्रकाश डालिए कि भास्कर वर्मण के हृदय में नारी जाति के प्रति सम्मान की भावना थी।

खण्ड-ग

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) $4\times3=12$

(क) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर राजा गंगाधर राव का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) रानी लक्ष्मीबाई की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई थी, पठित उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में तत्कालीन राजनैतिक स्थिति का वास्तविक चित्र प्रस्तुत करने में लेखक कहाँ तक सफल रहा है? स्पष्ट कीजिए

(घ) 'रानी लक्ष्मीबाई त्याग की प्रतिमूर्ति थी।' उपन्यास के आधार पर प्रमाणित कीजिए।

खण्ड-घ

(किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए) $4\times3=12$

(क) स्थायी भाव किसे कहते हैं? स्थायी भावों का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) करुण रस और श्रृंगार रस का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ग) उपमा और श्लेष अलंकार का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(घ) छन्द कितने प्रकार के हैं? दोहा और सोरठा छन्द का परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) 'भारत ने विश्व कल्याण के लिए दुनिया को क्या-क्या उपहार दिए हैं?' 'भारत महिमा' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'विप्लव गायन' कविता का भावार्थ लिखिए।

(ख) उपन्यास तत्वों के आधार पर 'रानी-लक्ष्मीबाई' उपन्यास की संक्षेप में समीक्षा कीजिए।

अथवा

'रानी लक्ष्मीबाई' अदम्य साहसी और बलवान रणबाँकुरी थीं।' पठित उपन्यास के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास हमें विषम परिस्थितियों में साहस से लड़ने की प्रेरणा देता है। स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर लक्ष्मीबाई द्वारा सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय चेतना के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'भास्कर वर्मण' नाटक के आधार पर भास्कर वर्मण के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

नाटकीय तत्वों के आधार पर भास्कर वर्मण नाटक की समीक्षा कीजिए।

———×———